smc
moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 13 जून 2024

## अतंराष्ट्रीय बाजार

### COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

| कमोडिटी | कॉन्ट्रैक्ट | एक्सपायरी | बंद भाव |
|---|---|---|---|
| चांदी | जुलाई | 29-07-24 | 30.26 |
| सोना | जून | 26-06-24 | 2336.00 |
| कच्चा तेल | जुलाई | 20-06-24 | 78.50 |
| ब्रेंट कच्चा तेल | अगस्त | 30-06-24 | 82.60 |
| नेचुरल गैस | जुलाई | 26-06-24 | 3.045 |

### करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

| करेंसी | वर्तमान भाव |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया' | 83.43 |
| डॉलर इंडेक्स | 104.65 |
| यूरो/अमेरिकी डॉलर | 1.08 |
| सीआरबी इंडेक्स | 342.62 |

### LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

| कमोडिटी | | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | नकद | 9944.50 |
| एल्युमिनियम | नकद | 2575.50 |
| जिंक | नकद | 2894.00 |
| लेड | नकद | 2173.00 |
| निकल | नकद | 18061.00 |

### SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

| कमोडिटी | माह | बंद भाव |
|---|---|---|
| तांबा | 17 जून 24 | 79540.00 |
| एल्युमिनियम | 17 जून 24 | 20780.00 |
| जिंक | 17 जून 24 | 23520.00 |
| लेड | 17 जून 24 | 18720.00 |

## घरेलू बाजार

### MCX

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलडेक्स | 26-06-24 | 18640.00 | मंदी | 31.05.24 | 18684.00 | 18900.00 |
| चांदी | 05-07-24 | 90445.00 | तेजी | 12.06.24 | 90445.00 | 90300.00 |
| सोना | 05-08-24 | 71970.00 | मंदी | 23.05.24 | 71577.00 | 72500.00 |
| कच्चा तेल | 18-06-24 | 6577.00 | तेजी | 12.06.24 | 6577.00 | 6450.00 |
| नेचुरल गैस | 25-06-24 | 252.80 | तेजी | 10.06.24 | 242.50 | 244.00 |

| कमोडिटी | एक्सपायरी | बंद भाव | ट्रेंड** | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड में बदलाव की दर | क्लोजिंग स्टॉप लॉस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तांबा | 28-06-24 | 867.20 | मंदी | 30.05.24 | 907.45 | 890.00 |
| एल्युमिनियम | 28-06-24 | 235.50 | मंदी | 11.06.24 | 233.00 | 237.00 |
| जिंक | 28-06-24 | 260.20 | तेजी | 12.06.24 | 260.20 | 255.00 |
| लेड | 28-06-24 | 187.85 | तेजी | 28.05.23 | 195.45 | 187.00 |
| मेटलडेक्स | 19-06-24 | 17573.00 | तेजी | 12.06.24 | 17573.00 | 17300.00 |
| स्टील लांग | 20-06-24 | 46600.00 | तेजी | 06.05.24 | 45490.00 | 46500.00 |

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

**12.06.2024 को सभी बंद भाव**

## सर्राफा आउटलुक

सोने की कीमतों को 71700 पर सपोर्ट और 72100 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। चांदी की कीमतों को 90700 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 90000 रू पर सपोर्ट रह सकता है । कीमतों में नरमी का रूझान रह सकता है। व्यापारियों द्वारा फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के अद्यतन ब्याज दर अनुमानों, जिससे इस साल केवल एक अमेरिकी दर में कटौती का संकेत मिला, का आकलन करने के बाद आज सोने की कीमतों में गिरावट हुई। अमेरिकी फेड ने बुधवार को ब्याज दरें स्थिर रखीं, जबकि नीति निर्माताओं ने संकेत दिया कि वे 2024 में केवल एक बार दरों में कटौती की उम्मीद करते हैं। फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि फेड द्वारा पेश किया गया मुद्रास्फीति दृष्टिकोण काफी कमजोर पूर्वानुमान है जिसे आने वाले समय में पूरा नहीं किया जा सकता है। पॉवेल ने कहा कि अपेक्षा से बेहतर मुद्रास्फीति उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अधिकारियों के लिए स्वागतयोग्य है। मई में महीने-दर-महीने आधार पर हेडलाइन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 0.1% की बढ़त उम्मीद से कम है। कोर कीमतों में 0.2% की वृद्धि हुई, जो अर्थशास्त्रियों के 0.3% वृद्धि के अनुमान से भी कम है। व्यापारियों और उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी 2024 की दूसरी छमाही में जारी रहने संभावना है क्योंकि बुलियन के लिए फंडामेंटल मजबूत बना हुआ है।

## बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती हैं । तांबे की कीमतें 864-871 के दायरे में कारोबार कर सकती है। आज बेस मेटल की कीमतों में गिरावट देखी गई क्योंकि चीन की ओर से मांग की चिंता और मजबूत डॉलर के कारण कीमतों पर दबाव पड़ रहा है। शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज द्वारा निगरानी किए जाने वाले गोदामों में बढ़ते स्टॉक के कारण चीन में मांग को लेकर चिंता बनी हुई है। शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज द्वारा निगरानी किए गए गोदामों में तांबे का भंडार चार साल के उच्चतम 336,964 टन पर पहुंच गया है। चीनी बाजार में कमजोरी का संकेत यांगशान तांबे में प्रीमियम भी दे रहा है, जो तांबे के आयात के लिए देश की मांग को दर्शाता है। मई से यह आंकड़ा शून्य या उससे नीचे रहा है। जिंक में मिला-जुला रूझान रह सकता है और कीमतों को 258 पर सपोर्ट और 262 पर रेजिस्टेंस रह सकता है। लेड की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 187-189 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 233-236 के दायरे में साइडवेज कारोबार कर सकती है।

## एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती है और कीमतों के 6520-6640 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। आज शुरुआती कारोबार में तेल की कीमतों में गिरावट हुई है क्योंकि निवेशकों ने इस खबर को अनदेखा कर दिया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती का विकल्प नहीं चुना है, जबकि पर्याप्त अमेरिकी कच्चे तेल और ईंधन स्टॉक ने बाजार पर दबाव डाला। उच्च उधारी लागत आर्थिक विकास को धीमा कर देती है, और तेल की मांग को सीमित कर सकती है। व्यापारी गाजा में युद्धविराम के लिए चल रही बातचीत पर भी नजर रख रहे हैं, जो यदि हल हो जाता है, तो तेल उत्पादक क्षेत्र से संभावित आपूर्ति में व्यवधान की आशंका कम हो जाएगी। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि हमास ने युद्धविराम के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव में कई बदलावों का प्रस्ताव दिया है, और कहा कि मध्यस्थ अंतराल को कम करने के लिए दृढ़ हैं। ऊर्जा सूचना प्रशासन के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले सप्ताह अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में उम्मीद से अधिक वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से आयात में उछाल के कारण हुई, जबकि ईंधन के भंडार में भी अनुमान से अधिक वृद्धि हुई। नेचुरल गैस की कीमतें 247-256 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

## प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

| भारतीय समयानुसार | आर्थिक आंकड़ें | महत्व | संभावित | पिछला | प्रभावित कमोडिटी | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18:00 | अमेरिकी प्रारंभिक बेरोजगारी के दावे | अधिक | 222K | 229K | मेटल एवं एनर्जी | प्रतिकूल |
| 18:00 | अमेरिकी कोर पीपीआई (माह-दर-माह)(मई) | अधिक | 0.3% | 0.5% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी कोर पीपीआई (वर्ष-दर-वर्ष)(मई) | अधिक | 2.3% | 2.4% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी पीपीआई (माह-दर-माह)(मई) | अधिक | 0.1% | 0.5% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 18:00 | अमेरिकी पीपीआई (वर्ष-दर-वर्ष)(मई) | अधिक | 2.2% | 2.2% | मेटल एवं एनर्जी | अनुकूल |
| 20:00 | ईआईए नेचुरल गैस का भंडार | अधिक | 75B | 98B | नेचुरल गैस | प्रतिकूल |

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।